## NCC/NSS Activities
## (2021–2022)

## NCC/NSS एवं सामाजिक गतिविधियां

कमान अधीकारी 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, राजनन्दगाँव के निर्देशानुसार, प्राचार्य की उत्प्रेरणा एवं एनसीसी अधिकारी की निर्देशन में एनसीसी कैडेटों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।

1. **वृक्षारोपण:** वृक्षारोपणके तहत लगभग 35 कैडेडो द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे 05 फलदार एवं 05 छायादार पौधों का रोपण किया, जिसमे आम, कठहल, नीबू, नीम, गुलहर शामिल थे।
2. **स्वच्छता अभियान:** स्वच्छता अभियान के तहत प्रतिमाह स्वच्छता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में स्थित बोटैनिकल गार्डन, एवं सम्पूर्ण परिसर की साफ़ सफाई की गई।
3. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान द्वारा कैडेटों को प्रातः टीवी वीडियो पर देख कर 7:00 बजे योग एवं ध्यान हेतु अपने अपने घरों पर योगा वर्धन किया एवं वीडियो बनाकर डिजिटल इंडिया पर अपलोड किया.
4. **विश्व पर्यावरण दिवस:** विश्व पर्यावरण दिवस पर कैडेटों द्वारा एक कविता लिखने हेतु प्रेरणा दिया
5. **आपदा मित्र योजना–2021:** आपदा मित्र योजना के तहत कोविड–19 के खिलाफ एनसीसी योगदान में वॉलिंटियर पंजीकरण के लिए कार्यालय कलेक्ट्रेट के आदेश पर निर्देशानुसार विशेष रूप से आपदा भावित जिलों में आपदा मित्र योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु 25 कैडेटों एवं 15 भूतपूर्व कैडेटों का चयन कर, समिति का गठन कर जिला कार्यालय में भेजा गया।
6. **स्वास्थ्य परीक्षण शिविर:** सैनिक कल्याण समिति, एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में सैनिक कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कैडेटों ने परीक्षण हेतु अपना योगदान दिया।
7. **फिट इंडिया फ्रीडम रन:** फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत 2 किलोमीटर तक 08 कैडेटो ने अपने अपने स्थान पर दौड़ लगाई।
8. **विजय दिवस:** भारत सरकार में **विजय दिवस** पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।एनसीसी कैडेट उनके लिए बुनियादी जीवन समर्थन प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित कियाएवंसाहित्य ऑनलाइन प्रस्तुत प्रश्नोत्तरी भाग लिया।
9. **ऑनलाइन विशेष व्याख्यान:** महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ऑनलाइनविशेष व्याख्यान में'कोविड–19 महामारी के दौर में स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श की आवश्यकता'एवं 'महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं जागरूकता'पर कैडेटों को सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया.
10. **इंटर डायरेक्टरेट निबंध प्रतियोगिता:** एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजितइंटर डायरेक्टरेट निबंध प्रतियोगिता में 03 कैडेटों ने ऑनलाइन भाग लिया।
11. **50वें शहादत दिवस:** कान्यकुब्ज सभा एवं कैडेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित का 50वें शहादत दिवस, कस्तूरबा महिला मंडल भवन में आयोजित किया गया. इस अवसर पर 50 कैडेटो के साथ एनसीसी अधिकारियों ने अधीक्षक सूरत सुरेशा चौबे, रिजर्व पुलिस सूबेदार बीपी अधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित की.कान्यकुब्ज सभा द्वारा कैडेटों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
12. **वार्षिक पत्रिका 'प्रज्ञा':** महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'प्रज्ञा' में कैडेटों को साहित्यिक सामाजिक राजनीतिक आर्थिक मनोवैज्ञानिक आलेख कविता संस्मरण समीक्षा आदि प्रकाशित करने हेतु प्रेरित किया. 05 कैडेटों ने लेख दर्ज किए.
13. **क्रांति दिवस:** क्रांति दिवस कार्यक्रम के तहत कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर त्रिवेणी परिसर में स्थापित पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन मुक्तिबोध एवं बलदेव प्रसाद मिश्र एवं महाराजा महंत दिग्विजय दास कीप्रतिमाओंव मूर्तियों की साफ–सफाई सफाई कीऔर रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई।
14. **महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में "सेवा ही समर्पण" के तहत दौड़ में सुबह 6 बजे गुरुद्वारा चौक से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।तत्पश्चात महाविद्यालय में पहुंचकर शास्त्री जी एवं गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, महाविद्यालय की परिसर की साफ

सफाई की, जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. 90 कैडेट उपस्थित रहे.

15. **नशा मुक्ति:** नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकली और शपथ ग्रहण किया। 50 कैडेट उपस्थित रहे.

16. **सरदार पटेल वल्लभ भाई पटेल जयंती:** महाविद्यालय के एनसीसी एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय सरदार पटेल वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाई गई जिसमें व्याख्यान मैं 55 कैडेटों ने भाग लिया.

17. **73 वाँ एनसीसी दिवस:** 73 वाँ एनसीसीदिवस समारोह जो स्टेट हाई स्कूल मैदान में का आयोजित किया गया। जिसमें एनसीसी परेड के बाद कडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया. 105 कैडेटों ने भाग लिया.

18. **कारगिल विजय दिवस** के अवसर परवेबीनार कारगिल विजय दिवस में सम्मिलित होने हेतु कैडेटों को प्रेरित किया, शहीदों की याद में मैं 6 किलोमीटर रन एंड फन में कैडेटों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, मूर्तियों की सफाई, ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता, प्लास्टिक का बहिष्कार पर वीडियो चित्र, निबंध, कविता आदि डिजिटल इंडिया पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया. 12 कैडेटो ने भाग लिया.

19. **विश्व एड्स दिवस** के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप में पार्टिसिपेट किया, 5 कैडेटों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के साइंस क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, रेड रिबन क्लब, एनसीसीतथा एनएसएस के तत्वावधान में महाविद्यालय के पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सभागार में "एड्स-कारण, रोकथाम और जागरूकता" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसके मुख्य वक्ता डॉ. मोन अब्राहम एवं श्री शिशुपाल, समता जनकल्याण समितिथे। 98 कैडेट उपस्थित रहे.

20. **सशस्त्र सेना झंडा दिवस** के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यलय द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे महविद्यालय के 5 एसडी कैडेट मेजर किरण लता दामले के साथ सममिलित हुए।कडेट्स ने अपस्थित भूतपूर्व सैनिक, उनके परजन और अतिथियों को झंडा लगा कर सम्मानित किया।

21. **सी. डी. एस को श्रद्धांजली:** हैलीकाप्टर हादसे में भारत के चीफ ऑफ डिफरेंस सीडीएसविपिन रावत वअन्य जाँबाज अफसर को एनसीसी कैडेटों और पूर्व सैनिकों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पितकरश्रद्धांजलि देने के लिए सभी एनसीसी कैडेट्स गौरव स्थल पर मोमबत्तियां जलाया।

22. **स्वर्णिम विजय दिवस:** स्वर्णिम विजय दिवस (भारत पाक युद्ध सन् 1971) भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन गौरव स्थल में शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

23. **गैलंट्री अवॉर्ड क्विज:** मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के द्वारा गैलंट्री अवॉर्ड पर क्विज में 10 कैडेटों में हिस्सा लिया, एवं 01 एस डब्लू कैडेट को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ.

24. "बी" एवं "सी" प्रमाण पत्र परीक्षा 2021 में शत प्रतिशत उत्तीर्ण।

25. ऑनलाईन एवं ऑफलाईन कक्षाओं का संचालन।

26. **दिग्विजय एन.सी.सी. एल्युमिनी एसोसिएशन:**

- शास. दिग्विजय स्वशाषी उच्चतर महाविद्यालय मे महाविद्यालय के एन. सी. सी. भूतपूर्व कैडेट्स की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया।
- इस बैठक में एनसीसी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए एन. सी. सी. भूतपूर्व एल्युमीनी को एक साथ लाते हुवे "दिग्विजय एन. सी. सी. एल्युमिनी एसोसिएशन" का गठन किया गया।
- एन. सी. सी.अधिकारी मेजर किरण लता दामले ने एन. सी. सी. एल्युमिनी एसोसिएशन के महत्व, लक्ष्य और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।
- जिसमें राष्ट्र निर्माण में सहायता, एन.सी.सी. संबंधित कार्यक्रमों को निष्पादन, एनसीसी के तत्व के बीच संबंध को मजबूत करना, कौशल विकास, रोजगार योग्यता, रोजगार योग्य कौशल को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में बेहतर अवसरों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए, नामांकित एनसीसी कैडेटों के लाभ और प्रक्रिया प्रगति के लिए, अनुभव का उपयोग करने के लिए, प्रशिक्षण और खेल के एक बहुत ही उच्च मानक शेष में मूल्यवान सलाह प्राप्त करने और एनसीसी की सहायता करने के लिए वृद्धि।

- अकादमिक पुरस्कार के क्षेत्र में, उत्कृष्ट खेल, एनसीसी और सोसाइटी का समग्र विकास, खेल और साहसिक गतिविधियों में एनसीसी कैडेट को बढ़ावा देने और समर्थन प्रदान करने के लिए, प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए क्षेत्र में, कौशल विकास प्रोत्साहित और समर्थन करने के लिए, महिला सशक्तिकरण योजना, विशिष्ट प्रकाशकों की सुविधा, आदि गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

27. **भूतपूर्व एनसीसी कैडेट असोसिएशनपंजीकरण:** मुख्यालय डीजी एनसीसी के आदेशानुसार भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स को ऑनलाइन पोर्टल में पंजीकरण करने हेतु प्रेरित किया जिसके तहत 19 भूतपूर्व कैडेटों ने अपना एनसीसी ए पोर्टल पर पंजीकरण किया।

28. **<u>75वें स्वतंत्रता दिवस उत्सव पर आजादी का अमृत महोत्सव</u>**

शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष उत्सव पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम।

- **आनलाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता:** कैडेट्स द्वारा स्वतंत्रता दिवस संबंधित बधाई पत्र बना कर आनलाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता आजादी से संबंधित हाथ से ग्रीटिंग कार्ड तैयार किया गया, में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हस्तकला हस्तशिल्प आदि रचनात्मक गतिविधि हेतु प्रोत्साहित किया। 07 कैडेटों ने भाग लिया.
- **राष्ट्रगान प्रतियोगिता:** कैडेट्स द्वारा राष्ट्रगान प्रतियोगितामे भाग लेते हुए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर राष्ट्रगान गाते हुए अपलोड किया एवं आनलाईन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। 05 कैडेटों ने भाग लिया.

  स्वयं भी आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय गान प्रतियोगिता में राष्ट्रगान गाते हुए वीडियो बनाया और अपलोड किया।
- **मूर्ति सफाई अभियान** के तहत प्रतिमाह महाविद्यालय परिसर में स्थित महंत राज्य दिग्विजय दास, एवं त्रिवेणी परिसर में स्थित प्रसिद्ध साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, गजानन्द माधव मुक्ति बोध व बलदेव प्रसाद मिश्र की प्रतिमाओं की 95 कैडेडो द्वारा साफ सफाई की।
- **स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती बी.एन.मेश्राम द्वारा महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। कैडेट्स एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 15 कैडेटों ने भाग लिया।
- **गणतंत्र दिवस** के अवसर पर प्राचार्य डॉ. के.एल. टान्देकर द्वारा महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। कैडेट्स एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 5 कैडेटों ने भाग लिया।
- **स्थानीय स्वतंत्रता दिवस समारोह:** नगर पालिक निगम उच्चतर विद्यालय, राजनांदगाँव, परिसर में आयोजित स्थानीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आँखों देखा हाल एन.सी.सी. अधिकारी मेजर किरण लता दामले ने किया।
- **तिरंगा रैली :** महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान 65 कैडेटों ने अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा रैली निकालकर स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया एवं जागरूकता फैलाई एवं राष्ट्र के प्रति देशभक्ति की भावना को प्रकट किया।
- **ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि** एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ग्राम सेमरा देहान में कार्यक्रम आयोजित किया गया सेमरा देहान गांव (ठेलकाडीह ) जो कि छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर प्यारेलाल जी का गांव है, वहां अमृत महोत्सव के तहत रैली का आयोजन किया। 15 कैडेटों ने भाग लिया।
- **नोट:** उक्त सभी कार्यक्रमों के दौरान मास्क एवं सुरक्षित दूरी बनाकर कोरोना से सुरक्षा के सभी नियमों का पालन किया गया।

**कैडेट विभिन्न शिविर में सम्मिलित हुए :-**

**आर्मी**

1. **ऑल इंडिया ट्रैकिंग:** 13कैडेटों ने ऑल इंडिया ट्रैकिंग -राजपिपला, गुजरात
2. **पर्वतारोही कोर्स:** 1 माह के लिए मनाली एसडब्ल्यू कैडेट देविका साहू
3. **संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर- 9 एवं 10:** 109 कडेटों के साथ सम्मिलित हुए।

4. **एक भारत श्रेष्ठ भारत-फेज-8 सप्ताह:**महाविद्यालय के सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के 04 कैडेटों ने ऑनलाइन शिविर में भाग लिया.
5. **ऑल इंडिया शूटिंग कंपटीशन निदेशालय:** स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप हेतु फायरिंग प्रैक्टिस के लिए37 बटालियन में भाग लिया।
6. **एसएसबी कोचिंग:** हेतु 68 कैडेटों ने प्रोत्साहन प्राप्त कर पंजीयन किया.
7. **बी एवं सी प्रमाण पत्र वितरण:** का आयोजन कर प्राचार्य डॉ के एल टानडेकर द्वारा कैडेटों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया एवं उन्होने सफल कैडेटों को बधाई व शुभकामनाएँ दी गई.
8. **मार्गदर्शन:** भारतीय सशस्त्र सेनाओं, इंडियन आर्मी रिक्रूटमेंट,महिला आर्मी रिक्रूटमेंट, एयरफोर्स, नेवी, बीएसएफ बी & सी रैली 2021, यूपीएससी,बीएससी नर्सिंग,सीजी पुलिस, एसआई, आदि के बारे में मार्गदर्शन।

**नेवल**

- नेवल दिवस: कार्यक्रम
- CATC शिविर: IGमहाविद्यालय भिलाई
- नाव खींच प्रतियोगिता:
- प्री आल इंडिया याचंग रिगैट, जबलपुर। Pre All India Yatching Regatta, Jabalpur,
- CATC शिविर, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर।


## फ़ोटो गैलरी 2021-22

### आजादी का अमृत महोत्सव:


**आनलाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता: आनलाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता स्वतंत्रता दिवस संबंधित बधाई पत्र बना कर आनलाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में भाग लिया।**


HAPPY 75
INDEPENDENCE
DAY
Vandematram
Thousands Laid Down
Their Lives
So That Our Country
Breath This Day
Never Forget
Their Sacrifice
Regimental No. - CG/20/SW/A/687545
Name of Cadet - Devika Verma
Name of Callage - Govt. Digvijay Callage R.J.N.
Unit - 38 CG BN NCC RJN


India


UNITY
IS
STRENGTH


UNITY




# छग बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर की ऑनलाईन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता






राजनांदगांव।( अमर छत्तीसगढ़ ) मुख्यालय महानिदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर नई दिल्ली के निर्देशानुसार एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में 38 छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर राजनांदगांव द्वारा आज स्वतंत्रता दिवस के 75 वां उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें ऑनलाईन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के समस्त एनसीसी ईकाईयों के एनसीसी कैडेटेस के द्वारा भारत के 75वां स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस (आजादी) से संबंधित में हाथ से ग्रीटिंग कार्ड तैयार किया गया है। इस प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेटों का हस्तकला/हस्तशिल्प हाथ के कौशल से तैयार किए गए रचनात्मक उत्पादक है जिनके लिए किसी आधुनिक मशीनरी और उपकरणों की मदद नहीं ली गई है। यह प्रतियोगिता में निर्मित हस्तशिल्प की आकर्षण ग्रीटिंग कार्ड देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत ईकाइयों में 268 एनसीसी कैडेट्स सम्मिलित हुए।

# राजनांदगांव

## एनसीसी कैडेट्स का ऑन लाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता

नवभारत रिपोर्टर ❖ राजनांदगांव.
www.navbharat.org

मुख्यालय महानिदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर नई दिल्ली के निर्देशानुसार एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के तत्वाधान में 38 छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर राजनांदगांव के द्वारा 12 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के 75वां उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें ऑन लाइन ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में छत्तीसगढ के समस्त एनसीसी ईकाइयों के एनसीसी कैडेटस के द्वारा भारत के 75 वां स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस आजादी से संबधित में हाथ से ग्रीटिंग कार्ड तैयार किया गया है.

इस प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेटों का हस्तकला, हस्तशिल्प हाथ के कौशल से तैयार किए गए रचनात्मक उत्पाद हैं, जिनके लिए किसी आधुनिक मशीनरी और उपकरणों की मदद नहीं ली गई है. यह प्रतियोगिता में निर्मित हस्तशिल्प की आकर्षण ग्रीटिंग कार्ड देखने को मिला. इस प्रतियोगिता में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत ईकाइयों के 268 एनसीसी कैडेट् ससम्मिलित हुए.




आजादी का अमृत महोत्सव: निर्मलकर औदिटोरियम

मूर्ति सफाई अभियान: मूर्ति सफाई अभियान के तहत महाविद्यालय में स्थित महंत राज्य दिग्विजय दास एवं त्रिवेणी परिसर में स्थित प्रसिद्ध साहित्यकार पाडुमलल पुन्नालाल बक्शी, गजनन्द माधव मुक्ति बोध व बलदेव प्रसाद मिश्र की प्रतिमाओं एवं त्रिवेणी परिसर की साफ सफाई की।


Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON


Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON






गांधी एवं शासत्री जयंती:









नशा मुक्ति जागरूकता रैली:




NAVAL UNIT NCC
RAIPUR
तम्बाकू सेवन बंद करो
सिगरेट पीना बंद करो


38 C.G B.N N.C.C
स्वच्छता अभियान
स्वच्छता ही सेवा है।
Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

5 Oct 2021

आद लग हुए ह।

25 लाख दन का आश्वासन सरपच का दिया।

## एनसीसी और एनएसएस के छात्रों ने की सफाई

# गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग तथा एनएसएस के विद्यार्थियों, महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। सुबह 6 बजे एनसीसी कैडेट्स ने सेवा ही समर्पण के तहत दौड़ में हिस्सा लिया। तत्पश्चात कॉलेज पहुंचकर गांधीजी व शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने दोनों महापुरूषों को श्रद्धांजलि देते उनके योगदान को याद किया। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा ने दोनों महापुरूषों के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते उनके जीवन मूल्यों के बारे में बताया व उनके जीवन दर्शन को जानने की जरूरत पर जोर दिया। एनसीसी अधिकारी मेजर किरण लता दामले ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। अंत में विद्यार्थियों ने गांधीजी के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात करते महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की।

एनएसएस के विद्यार्थियों ने एनएसएस अधिकारी संजय देवांगन के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न स्थानों गौरव पथ, त्रिवेणी परिसर, गांधी सभागृह, गुरुद्वारा चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक, नेहरु उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाते लोगों को जागरूक करने रैली निकाली तथा जयस्तंभ चौक में नुक्कड़ नाटक करते लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एनसीसी के 60 कैडेट तथा एनएसए के 80 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**राष्ट्रगान प्रतियोगिता**







कैडेट्स द्वारा राष्ट्रगान प्रतियोगिता मे भाग लेते हुए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर राष्ट्रगान गाते हुए 05 कैडेटों ने विडिओ अपलोड किया एवं आनलाईन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

## संविधान दिवस



संविधान की रक्षा की शपथ

## स्वतंत्रता दिवस



प्राचार्य डॉ. श्रीमती बी.एन.मेश्राम द्वारा महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया।






कैडेट्स एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय के भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# फिट इंडिया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





सशस्त्र सेना दिवस: जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा


सशस्त्र सेना झण्डा
NCC


कार्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)
वन्दे मातरम
NCC






**सशस्त्र सेना झंडा दिवस • पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए लागू योजनाओं की दी जानकारी**

# सैनिकों के शौर्य व समर्पण को किया याद

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में मंगलवार को भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 38 छग एनसीसी बीएन सीओ लेफ्टि. कर्नल विवेक शर्मा, डीपीएस की प्राचार्य उर्मिला दीक्षित, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौ सेना) एसी पोखरियाल, कल्याण संयोजक अविनाश चंद्र पंत सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, उनके परिजन व नागरिक उपस्थित थे।

अतिथियों व उपस्थित लोगों ने शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर कैप्टन पोखरियाल ने झंडा दिवस मनाने के उद्देश्यों सहित पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए लागू होने वाली योजनाओं के बारे में बताया। वहीं प्राचार्य दीक्षित ने सैनिकों के समर्पण, कार्यों को याद किया। मुख्य वक्ता लेफ्टि. कर्नल शर्मा ने सैनिक के शौर्य, समर्पण को याद करते हुए कैडेट्स को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवी पंत ने किया।

सीओ लेफ्टि. कर्नल को कल्याण अधिकारी झंडा लगाते हुए।

## इस दिवस को मनाने के पीछे तीन मुख्य उद्देश्य

युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग करना, सेना में कार्यरत कर्मियों व उनके परिवार के कल्याण और सहयोग के लिए, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण यह 3 मुख्य उद्देश्य है।

## सैनिक सहायता राशि दी

कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए लागू योजना के तहत शासन से प्राप्त राशि को आवंटित किया गया। जिसमें सैनिक के एक-एक पुत्री जो सेना में कार्यरत उन्हें, सैनिक की पुत्री के विवाह सहित अन्य योजनाओं के तहत सहयोग राशि दी गई।

## इस दिन शहीद सैनिकों को देते हैं श्रद्धांजलि

भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीदों और देश की रक्षा के लिए जान गंवाने वाले जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन देश के सभी सैनिकों के लिए हैं। इस दिन शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं। भारत को आजादी मिलने के बाद 28 अगस्त 1949 को भारत सरकार द्वारा भारतीय सेना के जवानों के कल्याण के लिए एक कमेटी का गठन किया था, इस कमेटी ने 7 दिसंबर को प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाने के लिए चुना। तब से लगातार मना रहे हैं।

**जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा "अभिव्यक्ति" मोबाईल एप पर कार्यशाला।**


निजात
GPS Map Camera
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, भारत
422P+4FP, टनका पारा, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.100092°
Long 81.035997°
22/02/22 12:02 PM
Government
Google



सैनिक कल्याण विभाग राजनांदगांव एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविध्यालय में निःशुल्क स्वास्थ शिविर






**73वॉ एनसीसी दिवस:**

सबेरा संकेत

# चलेगी फायरिंग, दुश्मनों पर अटैक आज छद्म युद्ध का नजारा दिखेगा

## स्टेट स्कूल में एनसीसी दिवस समारोह

राजनांदगांव, 27 सितंबर। 73 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन संयुक्त रूप से कल 28 नवंबर को सुबह नौ बजे से स्टेट हाई स्कूल मैदान में किया जा रहा है। इस दौरान समारोह में छद्म युद्ध का प्रदर्शन होगा। फायरिंग होगी और दुश्मनों पर भी अटैक होगा।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश बढ़ई होंगे। स्कूल के एनसीसी आफिसर सुनील भागवत ने बताया कि इस समारोह में दिग्विजय महाविद्यालय, कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, स्टेट हाई स्कूल और सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय और एनसीसी कैडेट क्लब के कैडेट शामिल होंगे। श्री भागवत ने बताया कि सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात परेड निरीक्षण, एनसीसी शपथ ग्रहण, राष्ट्रपति का संदेशवाचन, वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा। एनसीसी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण होगा। इसके बाद आभार प्रदर्शन तथा एनसीसी गान के साथ समापन होगा। इस दौरान कोरोना के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।


सबेरा संकेत | नगर समाचार

# विभिन्न स्पर्धाओं के साथ मना एनसीसी डे

## अनुशासन और कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता - एएसपी श्री बढ़ई







राजनांदगांव नवंबर। स्थानीय स्टेट स्कूल मैदान में संयुक्त रुप से 73वां एनसीसी दिवस समारोह संपन्न हुआ। समारोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। मुख्य अतिथि का कैडेट क्लब के संयोजक आदित्य श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण ,परेड कमांडर द्वारा समीक्षा क्रम हुआ।

मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति के संदेश का वाचन वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र यादव द्वारा तथा वार्षिक प्रतिवेदन एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत द्वारा पढ़ा गया। नगर पालिक निगम महापौर परिषद के सचिव संजीव मिश्रा द्वारा कैडेटों को स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि की आसंदी से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर ही एक ऐसा माध्यम है जो अनुशासन के साथ शारीरिक क्षमता बढ़ाता है। उन्होंने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे भी इस स्टेट हाई स्कूल में विद्यार्थी रहे है और सामान्य परिवार से होते हुए अनुशासन और कड़ी मेहनत से यहां पहुंचे हैं, आप सभी भी अपने लक्ष्य निर्धारित करें ,कड़ी मेहनत करें जिससे कि अपने लक्ष्य को पा सकें। एनसीसी का छात्र हमेशा अनुशासित रहने के कारण हर साक्षात्कार में आगे रहता है। उन्होंने सभी कैडेटों को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कैडेटों के उत्साहवर्धन के लिए कैडेट क्लब द्वारा विविध प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कुमुद प्रथम दिग्विजय महाविद्यालय एवं ज्योति साहू द्वितीय कमला देवी महिला महाविद्यालय रही। रंगोली प्रतियोगिता में मेघा हिरवानी, ऋतु सिन्हा संयुक्त रूप से प्रथम एवं रीति ठाकुर व चंचल भगवती संयुक्त रूप से द्वितीय रहे। ड्रेस वियरिंग में कृष मेंद्रे प्रथम एवं गुलशन साहू द्वितीय दोनों ही स्टेट स्कूल रहे। चम्मच दौड़ में मीनाक्षी ठाकुर दिग्विजय महाविद्यालय प्रथम एवं कुमुद यादव दिग्विजय महाविद्यालय द्वितीय रही। स्लो साइकिलिंग में विक्रांत वैष्णव सर्वेश्वर दास स्कूल प्रथम एवं लिबास देवांगन स्टेट स्कूल द्वितीय रहे। स्लो साइकिलिंग (छात्रा) में खुशबू ठाकुर प्रथम में निशा टंडन द्वितीय (दोनों ही दिग्विजय कॉलेज) रहीं। सांस्कृतिक समूह नृत्य भुनेश्वरी एवं साथीगण कमला कॉलेज प्रथम तथा चैतन्य द्विवेदी एवं साथीगण सर्वेश्वर दास स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे।

बेस्ट डांसर में डोमेश सिन्हा प्रथम एवं साक्षी मेश्राम द्वितीय रहीं। परेड कमांडर सीनियर अंडर अफसर अनुसुइया साहू, परेड टू आई सी सीनियर अंडर अफसरवंदना तिवारी प्लाटून कमांडर्स , अमित कुमुद यादव, ऋतु टंडन, तनिष्क त्रिपाठी, पंकज सिन्हा, भूपेश बांगेर एवं पतंजलि देशमुख, पायलट देविका, एनुका चुरेंद्र, खुशबू साहू ,माधवी सेन आदि को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जयप्रकाश बढ़ई को कैडेट क्लब के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैडेट क्लब अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया।

नेवल दिवस कार्यक्रम:







**यातायात सप्ताह वनशा मुक्ति अभियानः**




# नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति व यातायात जागरूकता का संदेश

● **नवभारत** रिपोर्टर ◆ कवर्धा.
www.navbharat.org



कबीरधाम पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभिव्यक्ति चाइल्ड लाइन से दोस्ती अभियान के तहत बुधवार को स्वामी करपात्री स्कूल, शासकीय आदर्श कन्या शाला, पीजी कॉलेज, शक्ति वार्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं एन.सी.सी. कैडेट, एस.पी.सी. कैडेट, एन.एस.एस., स्काउट गाइड, के द्वारा रैली निकालकर एकता चौक, से सिग्नल चौक, लोहारा नाका चौक, होते हुए शहर भ्रमण कर वापस भारत माता चौक पहुंचे. छात्र छात्राओं के द्वारा रैली में बच्चों के अधिकारों का हनन ना करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करने, यातायात नियमों का पालन करने नशे का सेवन कर वाहन न चलाने, सभी धर्मों का सम्मान कर आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया गया.

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकता चौक में आरक्षक राजेश महोबिया के नेतृत्व में स्वामी करपात्री स्कूल के एन.सी.सी. के कैडेट के द्वारा यातायात जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक एवं भिक्षावृत्ति पर आदर्श कन्या शाला एनसीसी प्रभारी हर्षिता तंबोली शिक्षिका के नेतृत्व में एनसीसी एवं एसपीसी की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन एकता चौक और बस स्टैंड में आम जनों के बीच प्रस्तुत किया गया साथ ही लोहारा नाका चौक में कौमी एकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का बेहतर प्रदर्शन आदर्श कन्या शाला की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आम जनों को जागरूक करने के लिए किया गया.



# एनसीसी कैडेट्स अब देंगे यातायात की जानकारी

**नगर प्रतिनिधि**

राजनांदगांव, 27 नवंबर। **शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर अब यातायात पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स को विस्तृत जानकारी प्रदान कर आम जनता को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी है।**

## पुलिस ने कैडेट्स को किया तैयार

पुलिस अधीक्षक श्री डी.श्रवण के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(यातायात) गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक अमित सिंह यातायात टीम सउनि शेषनारायण देवांगन आरक्षक उगेश कुर्रे द्वारा एन.सी.सी प्रशिक्षण संस्थान सोमनी में एन.सी.सी कैडेट्स को प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात नियमों एवं संकेतों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी। साथ ही एन.सी.सी कैडेट को उक्त जानकारी घर में व अपने आस-पास की आम जनता को बताने और यातायात नियमों के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। मोटर सायकल चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, बिना लायसेंस वाहन न चलाए, इस तरह की जानकारी देने भी तैयार किया गया है।

"नशीली दवाओं की रोकथाम और पुनर्वास" पर कार्यशाला

**एड्स दिवस (01 से 15 दिसंबर):**




व्याख्यान :मुख्य वक्ता डॉ. मोन अब्राहम एवं श्री शिशुपाल, समता जनकल्याण समिति थे।


Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON
AIDS AWARENESS
NCC GROUP RAIPUR
2021.11.30 12:07


Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON
AIDS AWARENESS
NCC GROUP RAIPUR

रैली

**रक्त दान:**


A SINGLE PINT CAN SAVE THREE LIVES A SINGLE GESTURE CAN CREATE A MILLION SMILES
NCC


HELP DESK
NCC & NSS UNIT



स्व.श्री रमेश चंद्र अग्रवाल जी
रमेश एंड शारदा अग्रवाल फाउंडेशन
रक्तदान शिविर
मंगलवार, 30 नवंबर 2021
Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
BATTALION NCC
राजनांदगांव (छ.ग.)
realme Shot by BHUPESH
2021/11/30 11:27


रक्तदान शिविर
NACO


राजनांदगांव (छ.ग.)
Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon


PINT CAN
SAVE
OUR UNITS



दैनिक भास्कर

## राजनांदगांव

**जीवन की रक्षा का जनसंकल्प** • दैनिक भास्कर के पूर्व चेयरमैन स्व.रमेशचंद्र जी अग्रवाल के 77वें जन्मदिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया, लगा ब्लड डोनेशन कैंप

# मानव धर्म निभाने का मौका; सभी वर्गों में दिखा उत्साह

राजनांदगांव| दैनिक भास्कर के पूर्व चेयरमैन स्व.रमेशचंद्र जी अग्रवाल के 77वें जन्मदिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर दिग्विजय कॉलेज के न्यू हॉल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान के लिए जहां युवाओं ने उत्साह दिखाया वहीं दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापक भी रक्तदान करने में पीछे नहीं रहे। यहां के तीन प्राध्यापकों ने रक्तदान में सहभागिता निभाई। सुबह साढ़े 10 से शाम साढ़े चार बजे तक रक्तदान चलता रहा। कुल 61 लोगों ने शिविर में रक्तदान किया। सुबह 10 बजे से ही उत्साही युवा कॉलेज परिसर में एकत्र हो गए थे। सभी ने पंजीयन के बाद ब्लड दिया। नांदगांव ब्लड बैंक की टीम के साथ एनसीसी, एनएसएस, स्वयं सेवकों के अलावा रक्तवीरों ने इस आयोजन में सहयोग दिया। दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर भी जुटे रहे।

**शिविर में लोगों का हौसला भी बढ़ाया:** शहर के युवाओं के साथ ही कॉलेज के प्राध्यापकों, संगठनों ने भी अपनी सहभागिता दी

### सीएमएचओ डॉ.चौधरी भी पहुंचे, आयोजन को सराहा

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.मिथलेश चौधरी भी पहुंचे। उन्होंने आयोजन को सराहा और रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र बांटे और उनका हौसला बढ़ाया। शिविर में रक्तवीर नागेश यदु, ताम्रध्वज साहू, भोला यदु, टोमन साहू, पोषण देवांगन, दिव्य भट्टाचार्य, अभिषेक भट्टाचार्य, धानसिंह साहू, मनोज टांडेकर ने सहयोग किया।

राजनांदगांव. रक्तदान शिविर में युवाओं की इस तरह लाइन लगी रही। पंजीयन कराने के बाद इन्होंने अपना ब्लड डोनेट किया।

### जीवन की रक्षा के काम में कैडेट्स की भी भागीदारी

एनसीसी के छात्रों को भी कैडेट्स ने ब्लड भी दिया।

### पंजीयन के बाद रक्तदान करने किया इंतजार

पंजीयन के बाद रक्तदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते युवा।

### शिविर में नेवल विंग के युवा ड्रेस में नजर आए

कैंप में एनसीसी नेवल के युवा फुल ड्रेस में नजर आए, ब्लड भी दिए।

### रेड रिबन क्लब व एनसीसी कैडेट्स ने दिया अपना योगदान

दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापकों ने रक्तदान के साथ इस आयोजन में काफी सहभागिता निभाई। संस्कृत के सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित प्रधान, प्रोफेसर चेतन पटेल और प्रोफेसर महेश लाड़ेकर ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ.केएन मेश्राम के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के अधिकारी डॉ.एचएस भाटिया, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नूतन देवांगन, संजय देवांगन, एनसीसी नेवल अधिकारी प्रो.विकास कांडे, रसायन शास्त्र एचओडी युनूस रजा बेग, डॉ.माजिद अली, डॉ.त्रिलोक देव, प्रो.लिकेश्वर सिन्हा, एनसीसी अधिकारी प्रो.हिरेंद्र ठाकुर की भी काफी सहभागिता रही।

### नांदगांव ब्लड बैंक की मेडिकल टीम कैंप में रही तैनात

इस दौरान नांदगांव ब्लड बैंक की मेडिकल टीम तैनात रही। टीम के मोहित साहू, ताम्रेश्वर साहू, दीपक वर्मा, पुष्प साहू, गीतांजली साहू और चंदन फलसदि ने सभी रक्तदानों की पंजीयन की प्रक्रिया को पूरा कराकर सैंपल लिए और रक्तदान में भरपूर सहयोग दिया।

### अंडर वेट की वजह से कुछ युवतियां पीछे रह गईं

इस शिविर में युवतियों की भी हिस्सेदारी रही लेकिन 45 किलो से कम वजन होने की वजह से कई युवतियां रक्तदान नहीं कर पाईं। पंजीयन के उन्होंने कराया लेकिन अंडरवेट होने से चिकित्सकों ने रक्तदान करने से उन युवतियों को मना कर दिया गया।

### शाखा प्रबंधक संतोष ने ए निगेटिव ब्लड डोनेट किया

प्रेरणा दिवस के एक दिन पूर्व ही कृषि विकास शाखा के प्रबंधक श्री.संतोष ने डेंगू पीड़ित एक मरीज को ए निगेटिव ब्लड डोनेट किया। वे प्रेरणा दिवस पर रक्तदान करना चाहते थे लेकिन एक दिन पहले ही इस रक्त समूह की अचानक आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रोगी में भर्ती मरीज को रक्तदान कर जीवनरक्षा का काम किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उन्होंने एक बार रक्तदान किया था। यह दूसरा अवसर था। रक्तदान करने के लिए उन्होंने युवाओं को भी प्रोत्साहित किया।

### हेल्प डेस्क से मिली मदद

हेल्प डेस्क के द्वारा रक्तदाताओं का पंजीयन किया गया।

### युवतियों ने भी दिया ब्लड

दिग्विजय कॉलेज की छात्राओं ने फॉर्म जमा कर किया रक्तदान।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

# एनसीसी कैडेट्स ने फायर फाइटिंग के गुर सीखे, बंदूक चलाने की भी ट्रेनिंग ली

## सात दिवसीय सीएटीसी कैंप-10 का आयोजन, ड्रिल की बारीकियां बताई

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

एनसीसी कैडेट्स के लिए सीएटीसी कैंप-10 लगाया गया है। सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन पीटी एवं योग अभ्यास से शुरुआत की गई। ड्रिल इंस्ट्रक्टर द्वारा कैडेट्स को ड्रिल की बारीकियां से वाकिफ कराया गया। हथियारों के प्रशिक्षण के अंतर्गत 22 डीलक्स रायफल एवं 7.62 एमएम एसएलआर रायफल को खोलना, लोड करना एवं फायर करने के साथ ही गुणधर्म को भी बताया गया। दोपहर में फायर फाइटिंग के अंतर्गत आग के प्रकार एवं बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। कैडेटों द्वारा आग बुझाकर अभ्यास किया गया।



राजनांदगांव. एनसीसी कैडेटों को आग बुझाने के तरीके सिखाए गए।

इसी कड़ी में आर्म्स फोर्स ज्वॉइन करने के तरीके एवं अभ्यास के गुर सिखाए गए। फायर कंट्रोल ऑर्डर के बारे में भी कैडेटों को बताया गया। एनसीसी अधिकारी टाकेन्द्र वर्मा के द्वारा आपदा प्रबंधन के बारे में बताया कि इससे किस प्रकार से बचा जा सकता है। आपदा आने पर किस प्रकार से समाज एवं स्वयं की सहायता की जा सकती है। इस सीख को कैडेट्स ने गंभीरता से सुना। प्रशिक्षण की समाप्ति के पहले विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

---

हरिभूमि

E-PAPER


## सीएटीसी कैंप में बालिकाओं ने की फायरिंग

# बेटियों ने थामी बंदूक और साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी में सएटीसी एनसीसी कैंप 9 में बेटियों ने बंदूक थामी और अपने लक्ष्य में निशाना साधते गोलियां भी दागी। देशसेवा का जज्बा लिए एनसीसी ज्वाईन करने वाली इन बेटियों ने भी यह साबित कर दिया कि वह भी बेटों से कम नहीं है। बस जरूरत समाज में बेटों के साथ ही बेटियों को अवसर देने और उनकी प्रतिभा को निखारने की है।

एनसीसी कैम्प में बालिका एनसीसी कैडेट्स को योग और व्यायाम के साथ ही हथियारों एवं फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को कैंप की शुरूआत व्यायाम एवं योगा के साथ की गई। इसके बाद ड्रील का प्रशिक्षण दिया गया। सुबह बालिकाओं को फायरिंग के लिए पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव के फायरिंग रेंज के लिए लाया गया था, जहां 22 रायफल से 5-5 राउंड फायरिंग कराई गई। फायरिंग करने से कैडेटों में काफी उत्साह का माहौल था। फायरिंग में दिग्विजय कॉलेज की एसडब्लू-49 कैडेट, डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज डोंगरगांव के एसडब्लू-11 कैडेट एवं शासकीय कमलादेवी राठी कॉलेज से कुल 34 कैडेटों ने फायरिंग का प्रशिक्षण लिया।



### कैडेट्स के बीच खेलों की स्पर्धा

शाम को एनसीसी कैडेटों के मध्य व्हालीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो जैसे खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेटों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सोमनी आदर्श महाविद्यालय में 15 नवंबर से शुभारंभ किया गया है, जो 21 नवंबर तक चलेगा।

### फिटनेस के साथ इलाज का प्रशिक्षण

इस कैम्प में दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज और डोंगरगांव कॉलेज से एसडी 62 एवं एसडब्ल्यू विंग के 94 कुल 156 कैडेट्स शामिल हैं। कैम्प में फिटनेस के साथ ही हथियारों और फायरिंग का प्रशिक्षण, युद्ध की जानकारी, प्राथमिक उपचार, फायर फायटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को रोल काल के साथ प्रशिक्षण का समापन किया गया।

### प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

प्रशिक्षण के अगले सत्र में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी की डॉ. प्रियंका वैष्णव द्वारा कैडेटों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पीआई स्टाफ द्वारा व्याख्यान के अंतर्गत एम्बुस के बारे में बताया गया, जो कि युद्ध के हालात में काफी महत्त्वपूर्ण साबित होते हैं।

# एनसीसी कैंप में कैडेटों ने लिया हथियार चलाने का प्रशिक्षण

## फायरिंग के साथ सेना की गतिविधियों का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



सोमनी में चल रहे एनसीसी कैंप के 5वें दिन की शुरूआत योगा एवं व्यायाम से किया गया। कैडेटों को फायरिंग के लिए पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में ले जाया गया, जहां सीनियर डिवीजन कैडेटों ने हथियारों का प्रशिक्षण लेकर फायरिंग की।

शासकीय दिविजय कॉलेज के 3, पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी कॉलेज पेंड्री के 27, शासकीय रानी सूर्यमुखीदेवी कॉलेज छुरिया के 13, गजानन माधव मुक्तिबोध कॉलेज सहसपुर लोहारा के 34, इस तरह कुल 77 कैडेटों ने फायरिंग का प्रशिक्षण लिया।

शिविर में सेना ट्रेनिंग की कुछ गतिविधियों का भी अभ्यास कराया गया। जिसमें स्कॉलिंग, फट रोल एवं बैंक रोल शामिल है। यह गतिविधि नई होने के कारण बड़े उत्साह एवं जोश से कैडेटों ने हिस्सा लिया। व्याख्यान के अंतर्गत एनसीसी अधिकारी, मेजर केएल दामले द्वारा एनसीसी के महत्व एवं फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी अनुक्रम में सीटीओ सुश्री रेणु त्रिपाठी द्वारा प्राकृतिक आपदा आने पर एनसीसी कैडेटों के योगदान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिलिट्री संकेत के बारे में अभ्यास कराया गया। शाम को विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो शामिल हैं। रोल काल के साथ कैंप को विराम दिया गया।

नेवल CATC शिविर: शास. दिग्विजय महाविध्यालय राजनांदगांव एवंIGमहाविध्यालय भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में।




नौका खींच प्रतियोगिता



**वल्लभ भाई पटेल जयंती**

# राष्ट्र की एकता के लिए शपथ दिलाई गई

राजनांदगांव, 31 अक्टूबर। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज नगर में गरिमामय समारोह का आयोजन कर कोविड का पालन करते हुए शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने शपथ दिलाई गई।

### जिला कार्यालय

देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व गृह मंत्री भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने शपथ दिलायी।

### नगर निगम

निगम सभागृह में महापौर हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया, जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों सहित निगम पदाधिकारियों को निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर महापौर, आयुक्त सहित नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे व श्रीमती दुलारी बाई साहू,



नामांकित पार्षद मामराज अग्रवाल व प्रभात गुप्ता, उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया।

### एसपी कार्यालय

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीएसपी नेहा वर्मा ने समस्त पुलिस स्टाफ को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर स्टेट हाई स्कूल परिसर में प्राचार्य एन एस पट्टा ने एन सी सी कैडेटों को एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एन सी सी ऑफिसर सुनील भागवत उपस्थित थे।

शहीद सीडीएस विपिन रावत को श्रद्धांजलि




Rajnandgaon
RAJNANDGAON
GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
32RJ+H58, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.091476°
Long 81.030154°
10/12/21 12:47 PM
Google

... रखना हितकर है।

हेलीकाप्टर क्रैश

# शहीद हुए सेना सीडीएस बिपिन रावत को दी गई श्रद्धांजलि



पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

**राजनांदगांव.** दिग्विजय कॉलेज के 38वीं बटालियन एनसीसी कैडेटों ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत व उनकी पत्नी सहित अन्य सैन्य अधिकारियों और जवानों को गौरव स्थल पर मोमबत्ती जलाकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है और उन्हें अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया है। तमिलनाडु के कुन्नूर में सेना के हेलीकॉप्टर क्रैश में भारत के सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत एवं सेना के बहादुर अधिकारी और जवान शहीद हो गए। देश के इन बहादुर सिपाहियों के निधन पर दिग्विजय महाविद्यालय के 38वीं बटालियन एनसीसी कैडेटों ने गौरव स्थल पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिग्विजय स्वशा
कॉलेज में मानवा
व्याख्यान का आयो
कार्यक्रम में सीडीए
बिपिन रावत को श्र
प्राचार्य डॉ. केएल
संबोधन में मानवाधि
संबंध में विस्तार से
में प्रोफेसर शै
मानवाधिकार विष
जानकारी दी। इ
रजिस्ट्रार दीपक प
अधिकारी डॉ. मे
दामले, प्रोफेसर
एनएसएस आधिका
देवांगन, प्रोफेसर
सहित एनसीसी कैडे
के स्वयं सेवक उप

## छुरिया में म मानवाधिका

**छुरिया @ पत्रिका**
सूर्यमुखी देवी महावि
प्राचार्य डॉ. सुषमा
दिशा निर्देशन में रा
एनएसएस विभाग के
में मानवाधिकार दिव
महाविद्यालय में
आयोजन किया गया
की देवी सरस्वती
पूजा अर्चन के बा
शुभारंभ हुआ। इ
कुशल संचालन एन
कुमार (एमए हिंदी)

मानवाधिकारपर व्याख्यान

# दिग्विजय कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर हुआ व्याख्यान

**राजनांदगांव @ पत्रिका.** शासकीय दिग्विजय स्वशाशी स्नातकोत्तर कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने अपने संबोधन में मानवाधिकार के महत्ता के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह ने मानवाधिकार विषय के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार दीपक परगनिया, एनसीसी अधिकारी डॉ. मेजर किरण लता दामले, प्रोफेसर हिरेंद्र ठाकुर, एनएसएस आधिकारी प्रोफेसर नूतन देवांगन, प्रोफेसर संजय देवांगन सहित एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

वीर नारायण सिंह जयंती

# छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद थे वीर नारायण सिंह - डॉ. शैलेन्द्र



शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

नवभारत रिपोर्टर ❖ राजनांदगांव.

www.navbharat.org

दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में शहीद वीर नारायण सिंह जयंती मनाई गई. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम सेनानी वीर नारायण सिंह का जन्म सोनाखान में हुआ. वे वहां के जमींदार थे. सोनाखान क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ने पर उन्होंने कसडोल के व्यापारी माखनलाल से किसानों को अनाज देने का आग्रह किया था, किंतु उन्होंने मना कर दिया. उन्होंने 500 आदिवासी सैनिकों के दल का गठन कर लिया. बाद में रायपुर के कमिश्नर चार्ल्स इलिएट के आदेश पर लेफ्टिनेट स्मिथ और नेपियर ने वीर नारायण सिंह को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया. 10 दिसंबर 1857 को उन्हे रायपुर के जयस्तंभ चैक में फांसी की सजा दे दी गई.

वीर नारायण सिंह छ.ग. के प्रथम शहीद माने जाते है. इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी प्रो. केएल दामले इतिहास विभाग के प्रो. हरिन्द्र बहादुर ठाकुर, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, एनएसएस अधिकारी प्रो. नूतन देवांगन एवं प्रो. संजय देवांगन, प्रो. हेमलता साहू के साथ इतिहास विभाग, एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र उपस्थित थे.

स्वीप – मतदान जगरूकता अभियान –




रैली




व्याख्यान एवं शपथ

**वृक्षारोपण :**


Govt. Digvijay P.G.College
Rajnandgaon
38 CG BATTALION NCC
RAJNANDGAON


Rajnandgaon
BATTALION NCC


NCC

दैनिक भास्कर

भिलाई-राजनांदगांव, शनिवार 24 जुलाई, 2021 | 17

# एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में रोपे पौधे




राजनांदगांव| शासकीय दिग्विजय कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान छेड़ा है। इसी कड़ी में कैडेटों ने महंत राजा दिग्विजय दास, त्रिवेणी परिसर स्थित साहित्यकारों की प्रतिमा की सफाई की। पौधरोपण अभियान के तहत कॉलेज परिसर में 5 फलदार, 5 छायादार पौधे रोपे। इनमें आम, कटहल, नीबू, नीम, गुडहर प्रजाति के पेड़ शामिल हैं। कैडेट्स ने पूरे परिसर की सफाई की।

SHAHID LT.ARVIND SHANKAR DIKSHIT SHAHADAT DIWAS




**एनसीसी अल्युमिनी एसोसिएशन :**

# मेजर किरण लता दामले जी ने बताया एनसीसी एल्युमिनियम एसोसिएशन के लक्ष्य और उद्देश्य

